भारत सरकार
रेल मंत्रालय

लोक सभा
04.02.2026 के
अतारांकित प्रश्न सं. 714 का उत्तर

कर्नाटक में अमृत भारत और वंदे भारत स्लीपर रेलगाड़ियों की शुरुआत

714. श्री पी. सी. मोहन:
प्रो. सौगत राय:

क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार के पास देश के सभी राज्यों के लिए वंदे भारत स्लीपर और अमृत भारत रेलगाड़ियां चलाने का कोई प्रस्ताव है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं;

(ख) देश भर में, विशेष रूप से कर्नाटक में, बेंगलुरू से शुरू होने वाले/गुजरने वाले मार्गों सहित उक्त रेलगाड़ियों के लिए स्वीकृत/प्रस्तावित मार्गों का ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या बेंगलुरू से इन श्रेणियों के अंतर्गत किन्हीं नई सेवाओं को प्राथमिकता दी गई है और यदि हाँ, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(घ) अमृत भारत/वंदे भारत स्लीपर के अंतर्गत रेलगाड़ी सेवाओं के चयन के लिए यात्रियों की मांग, मार्ग क्षमता और अवसंरचना संबंधी तैयारी जैसे मापदंडों सहित क्या मानदंड अपनाए गए हैं; और

(ङ) कर्नाटक में उक्त सेवाओं से यात्री सुविधा, क्षेत्रीय संपर्क और आर्थिक कार्यकलापों के लिए क्या लाभ होने की उम्मीद है?

उत्तर

रेल, सूचना और प्रसारण एवं इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री
(श्री अश्विनी वैष्णव)

(क) से (ङ): भारतीय रेल ने यात्रियों के यात्रा अनुभव को बेहतर बनाने के उद्देश्य से आधुनिक सवारी डिब्बों, उन्नत संरक्षा विशिष्टियों और यात्री सुविधाओं के साथ स्वदेशी रूप से डिजाइन और

निर्मित वंदे भारत रेलगाड़ियों की शुरुआत की है। इन नई वंदे भारत रेलगाड़ियों में निम्नलिखित विशेषताएं हैं:

1. कवच की व्यवस्था
2. झटका मुक्त सेमी परमानेंट कपलर
3. केंद्रीय रूप से नियंत्रित स्वचालित प्लग दरवाजे और पूरी तरह से सीलबंद चौड़े गैंगवे।
4. सभी सवारी डिब्बों में आपातकालीन अलार्म पुश बटन और टॉक बैक यूनिट।
5. बेहतर अग्नि संरक्षा-विद्युत कैबिनेटों और शौचालयों में एरोसोल आधारित अग्नि संसूचन और शमन प्रणाली।
6. 180/160 किलोमीटर प्रति घंटे की डिजाइन/परिचालन गति के साथ उच्चतर त्वरण।
7. वॉइस रिकॉर्डिंग सुविधा और क्रैश हार्डन्ड मैमोरी से चालक व गार्ड के मध्य संप्रेषण।
8. एयर कंडीशनिंग इकाइयों में स्वदेशी रूप से विकसित यूवी-सी लैंप आधारित विसंक्रमण प्रणाली लगाई गई है।
9. बेहतर सवारी आराम
10. सभी सवारी डिब्बों में सीसीटीवी।
11. दिव्यांग यात्रियों के लिए ड्राइविंग कोच में दोनों तरफ विशेष शौचालय।
12. दूरस्थ निगरानी वाला कोच कंडीशन मॉनिटरिंग सिस्टम (सीसीएमएस) डिस्प्ले।

बहरहाल, चूंकि रेल नेटवर्क राज्यों की सीमाओं से होकर गुजरता है, इसलिए नेटवर्क की आवश्यकताओं के अनुसार इन सीमाओं के आर-पार गाड़ियां चलाई जाती हैं। 30.01.2026 की स्थिति के अनुसार, भारतीय रेल नेटवर्क पर 02 वंदे भारत स्लीपर एक्सप्रेस, 164 वंदे भारत गाड़ी सेवाएं (चेयर कार) और 54 अमृत भारत गाड़ी सेवाएं परिचालित की जा रही हैं।

बेंगलुरु क्षेत्र के यात्रियों की आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए, 26651/26652 क्रान्तिवीर संगेल्लि रायाण्ण बेंगलुरु - एरणाकुलम वंदे भारत एक्सप्रेस और 16597/16598 सर एम. विश्वेश्वरय्या टर्मिनल बेंगलुरु-अलीपुरद्वार अमृत भारत एक्सप्रेस को क्रमशः 11.11.2025 और 24.01.2026 से शुरू किया गया है। इसके अलावा, 16523/16524 सर एम. विश्वेश्वरय्या टर्मिनल बेंगलुरु - बालुरघाट एक्सप्रेस और 16223/16224 सर एम. विश्वेश्वरय्या टर्मिनल बेंगलुरु - राधिकापुर एक्सप्रेस को क्रमशः 21.01.2026 और 22.01.2026 से शुरू किया गया है।

वर्तमान में, आरंभिक/अंतिम स्टेशन के आधार पर, निम्नलिखित 22 वंदे भारत गाड़ी सेवाएं (कुर्सी यान) और 6 अमृत भारत गाड़ी सेवाएं कर्नाटक राज्य के विभिन्न स्टेशनों की आवश्यकताओं को

पूरा कर रही हैं, जिनमें से 14 वंदे भारत सेवाएं और 4 अमृत भारत सेवाएं बेंगलुरु क्षेत्र से शुरू में समाप्त होती हैं।

वंदे भारत:

क्र.सं.	गाड़ी सं. और नाम
1	20661/20662 क्रान्तिवीर संगेल्लि रायाण्ण बेंगलुरु - धारवाड वंदे भारत एक्सप्रेस
2	20703/20704 काचीगुडा - यशवंतपुर वंदे भारत एक्सप्रेस
3	20641/20642 बेंगलुरु छावनी - कोयंबत्तूर वंदे भारत एक्सप्रेस
4	22231/22232 कलबुरगि - सर एम. विश्र्वेश्र्वरय्या टर्मिनल बेंगलुरु वंदे भारत एक्सप्रेस
5	20671/20672 मदूरै - बेंगलुरु छावनी वंदे भारत एक्सप्रेस
6	26751/26752 बेलगावि - क्रान्तिवीर संगेल्लि रायाण्ण बेंगलुरु वंदे भारत एक्सप्रेस
7	26651/26652 क्रान्तिवीर संगेल्लि रायाण्ण बेंगलुरु - एरणाकुलम वंदे भारत एक्सप्रेस
8	20607/20608 डॉ. एम. जी. रामचंद्रन चैन्नै सेंट्रल - मैंसूर वंदे भारत एक्सप्रेस
9	20669/20670 हुबली - पुणे वंदे भारत एक्सप्रेस
10	20645/20646 मडगाँव - मंगलूरू सेन्ट्रल वंदे भारत एक्सप्रेस
11	20663/20664 मैसूर - डॉ. एम. जी. रामचंद्रन चैन्नै सेंट्रल वंदे भारत एक्सप्रेस

<u>अमृत भारत:</u>

क्र.सं.	गाड़ी सं. और नाम
1	13433/13434 सर एम. विश्र्वेश्र्वरय्या टर्मिनल बेंगलुरु - मालदा टाउन अमृत भारत एक्सप्रेस
2	16597/16598 सर एम. विश्र्वेश्र्वरय्या टर्मिनल बेंगलुरु - अलीपुरद्वार अमृत भारत एक्सप्रेस
3	16329/16330 नागरकोबिल - मंगलूरू जंक्शन अमृत भारत एक्सप्रेस

इसके अलावा, किसी भी मार्ग/खंड पर अमृत भारत गाड़ी सेवाओं और वंदे भारत गाड़ी सेवाओं के साथ-साथ उनके संस्करण सहित नई गाड़ियों की शुरुआत विभिन्न कारकों पर निर्भर करती है, जिनमें निम्नलिखित शामिल हैं:

- उस खंड की क्षमता

- पथ की उपलब्धता
- अपेक्षित चल स्टॉक की उपलब्धता
- चल स्टॉक के लिए समान अवसंरचना की उपलब्धता
- रेल पथ और अन्य परिसंपत्तियों की रखरखाव संबंधी आवश्यकता

******